# कार्यालय–कुलसचिव
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय,
# कानपुर–02

संख्याः 668/अदम/जी0ए0/विविध/2021 दिनांकः नवम्बर 13, 2021

**:: कार्यालय–ज्ञाप ::**

आदेशानुसार अवगत कराना है कि **दिनांक 14.11.2021 (प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक)** सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें लगभग 550 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। उक्त परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नलिखित व्यवस्थाओं को परीक्षा अवधि में सुव्यवस्थित कराने का कष्ट करें :–

1. विश्वविद्यालय में परीक्षा अवधि में अबाधित बिजली/पानी आपूर्ति कराना तथा आपातकालीन स्थिति हेतु जनरेटर की व्यवस्था कराना।
2. विश्वविद्यालय के महिला/पुरूष बाथरूम की साफ–सफाई कराना।
3. कोविड–19 के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के कोविड स्कैनर/टैम्प्रेचर मापने तथा चिकित्सा आवश्यकता हेतु समुचित व्यवस्था कराना।
4. विश्वविद्यालय में परीक्षा अवधि में सुरक्षा के दृष्टिगत 06 प्राइवेट कर्मी (02 महिला एवं 04 पुरूष कर्मी) तथा 04 होम गार्ड सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था करना।
5. विश्वविद्यालय में परीक्षा अवधि में इन्टरनेट व्यवस्था अबाधित रूप से बनाये रखना।
6. परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन व अन्य किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक गजेट लाना पूर्णतयः वर्जित होगा एवं मोबाइल फोन इत्यादि की जिम्मेदार अभ्यर्थी की होगी।

**(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)**
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. चिकित्साधिकारी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा अवधि में विश्वविद्यालय में उपस्थित रहते हुये कोविड–19 के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के कोविड स्कैनर/टैम्प्रेचर मापने तथा चिकित्सा आवश्यकता हेतु समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
3. सहायक अभियन्ता, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. श्री अजय श्रीवास्तव, प्रभारी, साफ–सफाई को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय के महिला/पुरूष बाथरूम की साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करें।
5. श्री अनिल प्रसाद, फोरमैन को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय में परीक्षा अवधि में अबाधित बिजली/पानी आपूर्ति कराने तथा आपातकालीन स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।
6. सहायक प्रभारी, सुरक्षा को इस आशय से प्रेषित कि सुरक्षा सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाओं को कराना सुनिश्चित करें एवं परीक्षा प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों के माबाइल फोन इत्यादि को जमा कराने की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।
7. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय में उपस्थित रहते हुये परीक्षा अवधि में इन्टरनेट व्यवस्था अबाधित रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करें।
8. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
9. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
10. गार्ड फाइल।

कुलसचिव